हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 22 अप्रैल 2024

04 'मतदान अबकी बार करेंगे लक्ष्य के पार'




05 जागरूकता: विवाह संस्कार में शामिल होने वाले परिवार...





### होशंगाबाद-नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र में राष्ट्रीय राजनैतिक दलों का दबदबा, इस बार जीत के ताज के इंतजार में प्रत्याशी

# लोकतंत्र के महापर्व पर मतदान की आहुति देने को तैयार मतदाता

स्वतंत्र भारत में आजादी के बाद 1957 के पहले आम चुनाव में कांग्रेस के मगनलाल बागड़ी होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र से चुने गए उसके बाद प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के हरि विष्णु कामत ने दो बार होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया दूसरी बार 1977 आपातकाल के बाद भारतीय लोकदल के टिकट पर चुनाव लड़कर प्रतिनिधित्व किया 1967 1971 में चौधरी नीति राज कांग्रेस के टिकट पर यहां से चुने गए 1980 एवं 1984 के आम चुनाव में दो बार कांग्रेस के रामेश्वर नीखरा ने होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र से प्रतिनिधित्व किया 1989 से लगातार चार बार भारतीय जनता पार्टी के सरताज सिंह को होशंगाबाद लोकसभा संसदीय क्षेत्र की जनता ने चुनाव में जीत का सेहरा पहनाया, 1999 में प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे सुंदरलाल पटवा को इस संसदीय सीट पर भाजपा ने टिकट दिया और उन्होंने भी जीत दर्ज की 2004 में पुन: सरताज सिंह पर विश्वास दिखाते हुए भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें टिकट दिया और उन्होंने मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कांग्रेस के अर्जुन सिंह को हराते हुए भाजपा के अपराजित योद्धा की छवि हासिल की 2009 मैं कांग्रेस पार्टी ने तेंदूखेड़ा से जनपद अध्यक्ष रहे राव उदय प्रताप सिंह को टिकट दिया उन्होंने भाजपा के कद्दावर नेता मध्य प्रदेश कैबिनेट में मंत्री रहे रामपाल सिंह को चुनाव हराया 2014 में कांग्रेस छोड़कर राव उदय प्रताप सिंह ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की एवं भाजपा के टिकट पर लगातार दो बार इस संसदीय सीट पर जीत दर्ज की। इस प्रकार छह बार होशंगाबाद नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस ने प्रतिनिधित्व किया एवं आठ बार भाजपा ने जीत का परचम लहराया है एक बार प्रजा सोशलिस्ट पार्टी तथा दूसरी बार भारतीय लोक दल से हरि विष्णु कामत ने इस संसदीय क्षेत्र पर प्रतिनिधित्व किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम/ सेमरीहरचंद

सतपुड़ा पर्वत श्रंखला एवं मां नर्मदा की गोद में निवास कर रहे होशंगाबाद नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र क्रमांक 17 नर्मदा किनारे का क्षेत्र कृषि प्रधान है यहां किसान मतदाता चुनाव परिणाम में निर्णायक होते हैं यहां के मतदाता परिपक्व मानसिकता के होने के साथ-साथ जागरूक भी हैं यहां के मतदाताओं ने हमेशा अच्छे प्रतिनिधि को चुनने का काम किया है इस बार 2024 के लोकसभा निर्वाचन में होशंगाबाद नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस ने तीन बार तेंदूखेड़ा विधानसभा से विधायक रह चुके संजय शर्मा को टिकट दिया है संजय शर्मा के पास राजनीतिक अनुभव के साथ-साथ आर्थिक संपन्नता भी विरासत में मिली हुई है वहीं दूसरी ओर भाजपा ने आरएसएस के शिक्षक की नौकरी छोड़कर बिजली समस्या को लेकर राजनीति में कदम रखने वाले वर्तमान किसान मोर्चा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दर्शन सिंह चौधरी को चुनाव मैदान में उतारा है दर्शन सिंह चौधरी के पक्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा अन्य केंद्रीय नेताओं द्वारा लगातार संसदीय क्षेत्र का सर्वे भाजपा की कमजोर कड़ी की ओर इशारा कर रहा है वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के ब्राह्मण समाज के सुरेश पचौरी अर्जुन पलिया एवं सविता दीवान शर्मा जैसे नेताओं और हजारों कांग्रेसी कार्यकर्ताओं का कांग्रेस से पलायन इस चुनाव को काफी रोमांचित एवं संघर्षपूर्ण बना रहा है यह तो चुनाव परिणाम ही बताएगा की मतदाता में भाजपा इस संसदीय क्षेत्र पर निरंतर बनी रहती है अथवा इस बार परिवर्तन होगा और कांग्रेस को जीत का स्वाद चखने मिलेगा।





### होशंगाबाद-नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र के मतदाता

| | |
|---|---|
| पुरुष | 958603 |
| महिला | 896980 |
| थर्ड जेंडर | 53 |
| कुल वोट | 1855692 |

### कुल आठ विधानसभा की संसदीय सीट

होशंगाबाद नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र में आठ विधानसभा हैं उदयपुरा रायसेन जिले की की विधानसभा इसमें सम्मिलित है नरसिंहपुर जिले की तेंदूखेड़ा नरसिंहपुर एवं गाडरवारा विधानसभा तथा नर्मदा पुरम जिले की सिवनी मालवा नर्मदापुरम सोहागपुर एवं पिपरिया विधानसभा इसमें सम्मिलित हैं।

### राष्ट्रीय राजनैतिक दलों का वर्चस्व

होशंगाबाद-नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र में राष्ट्रीय राजनैतिक दलों का दबदबा रहा है। कांग्रेस और भाजपा की सीधी टक्कर रही है। मिशन 2024 में ऊंट किस करवट बैठता है यह यहां के मतदाताओं पर निर्भर है। हालांकि राजनीति का अनुभव ले चुके कांग्रेस प्रत्याशी संजय शर्मा पूर्व में भाजपा से विधायक रह चुके हैं। तो वहीं पहली बार राजनैतिक अखाड़े में उतरे भाजपा प्रत्याशी दर्शन सिंह चौधरी किसानों में अच्छी पकड़ रखते हैं। किसानों के हित में आंदोलन कर चुके दर्शन सिंह चौधरी अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। देखना यह है कि मतदाता किसे चुनकर लोकसभा में प्रतिनिधित्व का मौका देते हैं।

### जाति का समीकरण

| | |
|---|---|
| ब्राह्मण | 1.75 लाख |
| कुर्मी | 1 लाख |
| राजपूत | 1 लाख |
| कलार | 1 लाख |
| आदिवासी | 1 लाख |
| गुर्जर | 60 हजार |
| अनुसूचित जाति | 60-70 हजार |
| किरार | 60-80 हजार |
| केवट, कीर,मल्लाह, मांझी | 1 .25 लाख |

( सभी जातियों के आंकड़े लगभग हैं)

लोकसभा चुनाव में अभी तक जातिगत आधार पर प्रत्याशी की जीत निश्चित नहीं हुई है यही होशंगाबाद-नरसिंहपुर क्षेत्र के लोकतंत्र की खूबसूरती दर्शाती है।

### चुनावों में वोट प्रतिशत की स्थिति

| वर्ष | कुल मत | डाले गए मत | भाजपा | कांग्रेस |
|---|---|---|---|---|
| 2009 | 1317090 | 711229 | 45.13% | 47.73% |
| 2014 | 1586423 | 1031175 | 64.89% | 20.66% |
| 2019 | 1706149 | 1266304 | 69.35% | 25.61% |

पिछले तीन चुनाव का वोट शेयर भाजपा का मत प्रतिशत लगातार बढ़ा है।

### लोकसभा प्रत्याशी एक नजर में

- कांग्रेस: संजय शर्मा
- जीत के लिए दावा
- तीन बार के विधायक नंबर राजनीतिक अनुभव।
- कार्यकर्ताओं से सीधा संपर्क।
- क्षेत्रवाद का सहारा।
- कमजोर पक्ष
- संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस की लगातार हार।
- कांग्रेसी नेताओं कार्यकर्ताओं का लगातार पलायन एवं उदासीनता।

- भारतीय जनता पार्टी: दर्शन सिंह चौधरी
- जीत के लिए दावा
- भारतीय किसान संघ किसान एवं प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा होने के कारण किसान ऑन एवं आम मतदाताओं तक सीधी पहुंच ठेठ देहाती सरल भाषा में बात करके आम जन पर प्रभाव डालने की कला।
- संसदीय क्षेत्र की आठवीं विधानसभाओं पर भारतीय जनता पार्टी के विधायक होने के कारण सभी विधानसभाओं में पार्टी के नेताओं कार्यकर्ताओं का सहयोग एवं संपर्क सरल
- कमजोर पक्ष
- कभी चुनाव लड़े नहीं प्रत्यक्ष राजनीति का अनुभव शून्य।
- जातिवाद एवं क्षेत्रवाद की समस्या

## लापरवाही बरतने पर 5 कर्मचारियों हुए निलंबित

### एक कर्मचारी की सेवा समाप्त करने का आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना ने लोकसभा निर्वाचन 2024 में निर्वाचन प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने एवं निर्वाचन ड्यूटी आदेश प्राप्त नही करने तथा सक्षम अधिकारी से बिना अवकाश स्वीकृत कराएं अनुपस्थित रहने पर 5 कर्मचारियों को सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उक्त कर्मचारियों को नियमानुसार जीवन निर्वहन भत्ते की पात्रता रहेगी। इसी तारतम्य में कलेक्टर ने कर्तव्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता बरतने पर तथा अनुशासनहीनता बरतने पर मप्र सिविल सेवा नियम 1961 के परिवीक्षा नियम 08 (04) के तहत 1 कर्मचारी की सेवा समाप्ति का आदेश जारी किया है। उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील रहेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थल सहायक, लोक निर्माण विभाग शिव शंकर कलोसिया को निर्वाचन प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर, शा. उत्कृष्ट उमावि बनखेडी के भृत्य विजय शाह को भी प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर, सहायक ग्रेड -3 शा. उमावि सुखतवा के अरविंद्र ठाकुर को प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने, प्राथमिक शिक्षक शा. उमावि सुखतवा स्वदेश प्रधान को तथा प्राथमिक शिक्षक शा. उत्कृष्ट उमावि केसला के दीपेश शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। कलेक्टर ने सौपे गए शाखाओं के प्रति लचर एवं लापरवाह कार्य प्रणाली अपनाने, कर्तव्य के प्रति उदासीनता दिखाने एवं अनुशासनहीनता बरतने पर जिला कार्यालय नर्मदापुरम के सहायक ग्रेड-3 विशाल बास्केल को तत्काल प्रभाव से सेवा समाप्त करने का आदेश जारी किया है। उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील रहेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर ने निर्देश दिए है कि चुनाव कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई जारी रहेगी।

## जेएस आनंद ट्रॉफी इंटर स्पर्धा में कल्याणी बनीं कप्तान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के मानसेवी सचिव अनुराग मिश्रा ने बताया कि मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित की जा रही जेएस आनंद ट्रॉफी (सीनियर वूमेंस) इंटर डिविजनल क्रिकेट प्रतियोगिता हेतु नर्मदापुरम संभाग की टीम घोषित कि गई।

टीम इस प्रकार है कल्याणी जाधव (कप्तान), अनन्या दुबे, अनामिका रघुवंशी, ऋषिता परिहार, यामिनी बिलोरे (विकेट कीपर), माही ठाकुर, शिवानी संतोरे, पल्लवी यादव, अलीशा यादव,सिद्धी दुबे, वेदांशी यादव, मीनल बर्दे,पूर्वी वागद्रे, अजीता यादव, कृतिका गुर्जर, कोच वर्षा पटेल मैनेजर खुशबू शर्मा ट्रेनर डॉली अग्रवाल हैं।

नर्मदापुरम संभाग की टीम ग्वालियर में अपने लीग मैच खेलेगी। नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने टीम को अपनी शुभकामनाएं दी।

## एमएम खान ट्राफी क्रिकेट स्पर्धा में विधान को मिली कमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के मानसेवी सचिव अनुराग मिश्रा ने बताया कि मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित की जा रही (अंडर - 18) एसएम खान मैमोरियल ट्रॉफी (लिमिटेड ओवर)इ'टर डिविजनल क्रिकेट प्रतियोगिता हेतु नर्मदापुरम संभाग की टीम घोषित कि गई। चयनित टीम में विधान दुबे (कप्तान), श्रीनिवास गट्टानी सौरव वर्मा, साहिल कावडे. शिखर देशमुख (विकेट कीपर), अक्षत सोलंकी,जयजीत गुप्ता, करण यादव, अमोल यादव लव दुबे, अभिनव काजले, दिग्विजय सिंह, ध्रुव चौरे, अभिमन्यु तोमर, आर्यावृत पटेल, मार्तंड प्रताप सिंह, स्टैंड बाय अथर्व दुबे, तनिश रघुवंशी, केशव व्यास, सिध्दार्थ भार्गव, धीरज सिंह, कोच सुनील शर्मा मैनेजर मनोहर बिलथरिया हैं। नर्मदापुरम संभाग की टीम शहडोल में अपने लीग मैच खेलेगी। नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने टीम को अपनी शुभकामनाएं दी।

## एसटीआर में वोट सफारी के दौरान हुए टाइगर के दीदार



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में बोट सफारी से मेहमानों के लिए बाघों को देखना इस मौसम में असामान्य नहीं है। बोट सफारी से डेनवा के क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के पक्षियों, मगरमच्छों और अन्य वन्यजीवों को देखने का अवसर मिलता है। और कभी-कभी, एक सुंदर परिदृश्य की पृष्ठभूमि के साथ बाघ भी दिखाई देता है। सतपुरा के क्षेत्रों में अच्छी घास, आवरण और पानी है। यह बाघों के लिए एक आदर्श आवास बनाता है। कुछ साल पहले, नाव से बाघ को देखने का विचार एक सपना था। अब, पार्क प्रबंधन द्वारा प्रतिबद्ध संरक्षण गतिविधियों के कारण यह सपना धीरे-धीरे वास्तविकता में बदल रहा है।

### श्री हनुमान जयंती पर अखंड रामायण पाठ का आयोजन

**नर्मदापुरम।** स्थानीय आईटीआई क्षेत्र स्थित न्यास कालोनी के मां शारदा काली मंदिर में तीन दिवसीय श्री हनुमान जयंती का आयोजन किया जा रहा है। आयोजक आदर्श नगर न्यास कालोनी निवासी अवध राय ने बताया कि हनुमान जयंती के पावन अवसर पर मंदिर में तीन दिवसीय 21 से 23 अप्रेल तक श्री अखंड रामायण क दो पाठ किए जाएंगे। उन्होंने समस्त धर्मप्रेमियों से उक्त धार्मिक आयोजन में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की बात कही है।

### समाजसेवी शिशुपाल सिंह चौहान का निधन

**नर्मदापुरम।** ग्राम जासलपुर के भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता जवाहर सिंह चौहान के पुत्र,पूर्व सरपंच शक्तिसिंह के भाई एवं वेदांत चौहान के पिता शिशुपाल सिंह चौहान (छोटे भैया) का रविवार को हृदयगति रूक जाने के कारण आकस्मिक निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार जासलपुर में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में सामाजिक सदस्यों, परिजनों एवं ग्रामीणजनों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।



### ओवरब्रिज के मोड़ पर रैलिंग से टकरायी स्कूटी, सवार नीचे गिरे, 1 की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शनिवार रात तेज रफ्तार स्कूटी सवार दो युवक ओवरब्रिज की रैलिंग से नीचे गिरकर घायल हो गये। स्थानीय लोगों ने तत्काल उनको अस्पताल पहुंचाया जहां उपचार के दौरान एक की मौत हो गयी। एक अन्य युवक को हालत गंभीर होने पर एक निजी अस्पताल में भेजा गया जहां उसकी हालत में सुधार है। पुलिस के अनुसार ओवरब्रिज पर सवार रेलवे स्टेशन पर वेंडरी करने वाले दो युवक सिटी से पुरानी इटारसी तरफ जा रहे थे कि मोड़ पर उनकी स्कूटी अनियंत्रित हो गयी और सीधे रैलिंग से जा टकरायी। स्कूटी तो ब्रिज पर ही रह गयी, दोनों उछलकर ब्रिज से नीचे पानी की टंकी तरफ गिर गये। दोनों युवकों को राहगीरों ने कार से शासकीय अस्पताल पहुंचाया। इस दौरान एक युवक दिनेश पिता कलीराम झरनिया, निवासी कूलड़ा, थाना डोलरिया की मौत हो गयी। दूसरे घायल युवक अक्षय गौर निवासी इटारसी को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल के पास ही एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां आईसीयू में उसका उपचार चल रहा है। बताया जाता है कि ये पुरानी इटारसी निवासी रोहित यादव के पास काम करते थे।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों को शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न कराने के दिए निर्देश

# मतदान के दिन कहीं भी विवाद न हो, पुलिस पार्टी गस्त जारी रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




- आचार संहिता के उल्लं घन पर प्रभावी कार्यावाही सुनिश्चित की जाएं
- एआरओ स्तर पर निर्वाचन कंट्रोल रूम में स्थापित करें
- 95 प्रतिशत से नीचे गेहूं का परिवहन न हो जहां परिवहन वाहन नहीं पहुंच रहें है वहां प्राथमिकता से वाहन पहुंचाएं जाएं

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना ने शनिवार को जिले में हो रहें गेंहू उपार्जन एवं लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदान को लेकर की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने जिले के सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वो सभी गेहूं उपार्जन केन्द्रों में चल रहें उपार्जन कार्यो की प्रति दिन समीक्षा करें। सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं ब्लाक लेवल समिति के सदस्यर जब भी भ्रमण पर जाएं तो उपार्जन केन्द्र में आवश्यक व्यावस्थाओं को चैक करें। निरीक्षण के दौरान प्राप्त शिकायतों का निराकरण करें। कलेक्टर ने सभी उपार्जन कार्य में संलग्न अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे 95 प्रतिशत के नीचे गेहूं का परिवहन न हो यह सुनिश्विचत करें। जिन उपार्जन केन्द्रों में वाहन नहीं पहुंच रहें है, वहां वाहन पहुचाएं और गेहूं का परिवहन करवाएं। कलेक्टर ने बताया गोदाम स्तरीय केंद्रों को भंडारण मोड में कर दिया है और यही भारतीय खाद्य निगम को भी परिवहन कराया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि इस व्यवस्था में कोई भी बाधा उत्पान्न न करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी वेयरहाउस में सर्वेयर की व्यवस्था हो जाए। बताया गया कि वर्तमान में 80 अतिरिक्त रूप से सर्वेयर की व्यवस्था की गई है। सभी जगह समिति प्रबंधक एवं वेयरहाउस संचालकों की बैठक की जा चुकी है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मंडी प्रबंधक एवं व्यापारियों सर्वेयर एवं ट्रांसपोर्टरों की बैठक भी कर ली जाए। सभी एसडीएम ने कलेक्टर को अवगत कराया कि अनुविभाग स्तर पर प्रतिदिन 10 से 12 हजार क्विंटल गेहूं की आवक हो रही है। सर्वेयर की ट्रेनिंग भी आज करा ली गई है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि बारिश का आकलन करते हुए सभी खरीदी केन्द्रों में समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने मतदान की तैयारियो के संबंध में सभी एसडीएम को निर्देश जारी करते हुए कहा कि सभी एसडीएम अपने अनुभाग में आर्दश आचार संहिता के उल्लंघन पर प्रभावी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। मतदान के दिन किसी भी स्थान में वाद विवाद की स्थिति निर्मित न हो। इसको दृष्टिगत रखते हुए एसडीओपी एवं पुलिस बल लगातार गस्त करती रहें। इसके पूर्व सभी एसडीएम ने अपने अपने विधानसभा से मतदान दल की रवानगी एवं वापसी, सामग्री वितरण, रूट चार्ट आदि के संबंध में कलेक्टर को अवगत कराया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी एसडीएम प्रातः 11 तक पोलिंग पार्टी की रवानगी कर दें। रवानगी के बाद पोलिंग पार्टी अपने अपने मतदान केन्द्रों तक पहुंची है कि नहीं यह भी सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि सबसे दूरस्थ मतदान केंद्र में पोलिंग पार्टी के पहुंचने एवं वहां से वापसी पर विशेष ध्यान रखा जाए। बताया गया कि मतदान दल के भोजन की व्यलवस्थाक ग्रामीण क्षेत्र में स्व सहायता समूह एवं नगरीय क्षेत्र में संबंधित नपा द्वारा की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि मतदान दल की वापसी के दौरान समय की बचत को दृष्टिगत रखते हुए मतदान दल को वाहन में ही भोजन पैकेट दिया जाए। कलेक्टर ने मतदान दल को मेडिकल किट देने के भी निर्देश दिए, सभी व्यवस्थाओं की 23 अप्रैल को मॉकड्रिल कर ली जाए। कलेक्टर ने कहा कि मतदान के दौरान यदि कोई ईवीएम खराब होती है तो क्विक रिस्पॉन्स टीम रखी जाये। कलेक्टर ने वेब कॉस्टिंग के लिए 24 घंटे शिफ्ट में कर्मचारियों को तैनात करने के निर्देश दिए। शेडो ऐरिया में रनर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए और कहा कि मतदाता को शत प्रतिशत मतदाता पर्ची का वितरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने मतदान के दिन फेक न्यूदज एवं मतदान प्रभावित करने वाले पोस्ट पर जानकारी प्राप्त कर 10 मिनिट में उसका खण्डन जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सौजान सिंह रावत, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डीके सिंह, डिप्टी कलेक्टर बबीता राठौर, सभी एसडीएम एवं गेहूं उपार्जन संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### नगर शाहपुर में बड़े धूमधाम से मनाई गई महावीर जयंती

**शाहपुर।** दिनांक 21 अप्रैल 2024 को महावीर जयंती के पावन अवसर पर जैन धर्म के अनुयाई लोगों के द्वारा परम महावीर स्वामी की 2623वी जयंती धूमधाम से नगर शाहपुर में मनाई गई। विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्रभात फेरी धूमधाम से नाचते गाते हुए। नगर के विभिन्न मार्गो से निकाली गई। इसके पश्चात प्रभात फेरी जैन मंदिर पहुंचकर भगवान महावीर स्वामी का अभिषेक किया गया। इसके पश्चात पूजा आरती की गई एवं सभी लोगों को प्रसाद वितरण किया गया। इसी समय जैन समाज शाहपुर के उपाध्यक्ष अभय जैन ने भी अपने विचार व्यक्त किये ।श्रीमती शैली जैन एवं मंजू जैन के द्वारा बताया गया कि महावीर स्वामी के जीवन का उद्देश्य पूर्व विश्व में शांति स्थापित करना एवं हिंसा को समाज से दूर करके पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए सभी जीव जंतु एवं प्राणी में अहिंसा का पालन करना। एवं महावीर स्वामी के आदर्शों को अपने जीवन में उतारना जिससे कि पूरे विश्व में शांति स्थापित हो सके। एवं पूर्ण रामराज्य की स्थापना हो सके। यही महावीर स्वामी जीवन का उद्देश्य था। एवं उनके आदर्शों का पालन करके हम भी पूरे देश में शांति स्थापित कर सकते ।

### तीन दिन रहेगा आंधी बारिश का दौर

**बैतूल।** मौसम विभाग द्वारा मध्यप्रदेश के बैतूल समेत 19 जिलों में 21 अप्रैल से 23 अप्रैल तक आंधी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने आंधी.बारिश का अलर्ट जारी किया है। इससे पहले शुक्रवार को प्रदेश में गर्मी का असर रहा। शुक्रवार को भी गर्मी का खासा असर देने को मिला था। शनिवार को भी चिलचिलाती धूप से बचने के लिए लोग तरह.तरह के जतन करते हुए दिखाई दिए। सडक़ों पर भी लोग नकाबपोश बनकर ही वाहन चलाते रहे। मौसम विभाग के अनुसारए 21 से 23 अप्रैल तक प्रदेश में वेस्टर्न डिस्टरबेंस ;पश्चिमी विक्षोभद्ध का असर रहेगा। इस वजह से बूंदाबांदी और आंधी का दौर रहेगा। मौसम विभाग के अलर्ट के अनुसार 21 अप्रैल रविवार को बैतूल सहित इंदौरए देवासए खरगोनए खंडवाए बुरहानपुरए हरदाए नर्मदापुरमए छिंदवाड़ाए पांढुर्णाए नरसिंहपुरए जबलपुरए सिवनीए मंडलाए कटनीए उमरियाए डिंडोरीए शहडोल और अनूपपुर जिलों में में आंधी के साथ बारिश होने की संभावना जताई गई है।

## एक जागरूक मतदाता के रूप में राष्ट्र निर्माण में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका: कलेक्टर

# ‘मतदान अबकी बार करेंगे लक्ष्य के पार’

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कहा कि मतदाताओं को मतदान के प्रति और अधिक जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि स्वीप के तहत प्रचार.प्रसार के माध्यमों से मतदाता को यह बताने का प्रयास करें कि मतदान एक सिर्फ मशीनी नहींए बल्कि राष्ट्र निर्माण में एक जागरूक मतदाता के रूप में राष्ट निर्माण में आपका कितना महत्वपूर्ण भूमिका है। स्वीप के नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी अक्षत जैन ने बताया कि स्कूलए महाविद्यालय के छात्र.छात्राओंए नागरिक संगठनोंए विभिन्न व्यवसायिक एवं सामाजिक संस्थाओं को स्वीप के कार्यक्रम से जोडकर नित प्रतिदिन मतदाताओं पर केन्द्रित कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है और इसी का परिणाम होगा जब हम 85 प्रतिशत से अधिक अपने मतदान लक्ष्य को पार करेंगे।

स्वीप नोडल अधिकारी ने बताया कि जिला निर्वाचन कार्यक्रम जहां एक ओर मतदाता को जागरूक करने का प्रयास कर रहा हैए वहीं राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा भी वॉल पेंटिंगए आयरन फ्लेक्स के माध्यम से निर्वाचन संबंधी स्लोगन लिखाए जा रहे है। जन.जन का ध्यान आकर्षित करने के लिए संभागीय मुख्यालयए 9 जिला मुख्यालय एवं 69 विकासखंडो में लगभग एक लाख 68 हजार वर्गफीट में आयरन फ्लेक्स के माध्यम से निर्वाचन के पूर्व मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित और जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा।




### जन-जन तक के लिए दीवार लेखन

स्वीप के तहत संभागीयए जिला एवं विकासखंड मुख्यालयों पर मतदान संबंधी प्रेरक एवं आकर्षक स्लोगन्स का दीवार लेखन किया जाएगा। विभिन्न प्रकार से मोटीवेशनल इन स्लोगन में मतदाताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाएगा। दीवार लेखन के साथ में संभागीय मुख्यालय पर 10 हजार एवं विकासखंड मुख्यालय पर 2 हजार वर्ग फीट के भाग में लेखन का कार्य किया जाएगा।

### आयरन फ्लेक्स

मतदाता जागरूकता के लिए निर्वाचन कार्यालय द्वारा जिला एवं विकासखंड स्तर पर आयरन फ्लेक्स के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। प्रत्येक जिला मुख्यालय पर 75 एवं विकासखंड स्तर पर 40 स्क्वेयर फीट के 25 आयरन फ्लेक्स के द्वारा मतदाता जागरूकता संदेश का प्रसारण किया जाएगा। जिससे जन मानस तक मतदान का महत्व और मतदान करने पर विशेष प्रचार किया जा सकेगा।

**सारे काम छोड़ो किमए सबसे पहले वोट सिम**

## विकासखंड भैंसदेही के ग्राम रामजी ढाना में आदिवासी भाषा में मतदान की अपील




**बैतूल।** विकासखंड भैंसदेही के ग्राम रामजी ढाना में एक अनोखी पहल की गई है। यहां की शिक्षिका कमला दवंडे ने आदिवासी भाषा में मतदान की अपील की है। उन्होंने यह कदम जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी एवं स्वीप जिला नोडल अधिकारी अक्षत जैनए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में अपनी प्रेरणा स्त्रोत यूथ आइकॉन अभिलाषा बाथरी के अनुसार उठाया है। कमला दवंडे ने गांव में दीपो की खूबसूरत श्रृंखला बनाई हैए आदिवासी भाषा में सारे काम छोड़ो किमए सबसे पहले वोट सिम नारे के माध्यम से ग्रामीण जनता को मतदान की प्रति जागरूक किया गया। वे सभी को याद दिला रही हैं कि मतदान का महत्व समझना जरूरी है और उन्हें अपने हक का लाभ उठाना चाहिए। इस पहल के तहतए रामजी ढाना गांव में मतदान अभियान शुरू हो गया है। लोगों में उत्साह और जागरूकता बढ़ाने के लिए कमला दवंडे ने गांव में जागरूकता अभियान भी चलाया है। गांव के निवासियों ने इस पहल का स्वागत किया है और उनका समर्थन किया है। इस प्रक्रिया में गांव के निवासी अपने विकास और समृद्धि के लिए सक्रिय भागीदार बनने का संकल्प ले रहे हैं।

### 80 प्लस मतदाताओं को दिलाई जागरूकता की शपथ

इसके साथ ही शिक्षिका अरुणा महाले ने ग्राम कोड़ीढाना एवं शिक्षिका प्रमोदनी झरबड़े ने ग्राम बयावाड़ी में घर.घर साक्षरता ले जाएंगेए मतदाता जागरूक बनाएंगेए घर.घर में संदेश दोए वोट दो वोट दो के नारे लगाते हुए महिला मतदाता एवं 80 प्लस मतदाताओं को जागरूकता की शपथ दिलाते हुए रैली निकाली। यूथ आइकॉन ने कहा कि शिक्षिकाओं ने इलेक्शन स्पेशल दीपोत्सव व अन्य कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भागीदारी कर चुनावी जागरूकता अभियान को बल देने की कोशिश की हैए वोटरों को जोडने के लिए दीपोत्सव कार्यक्रम काफी कारगर व प्रभावी साबित होंगे। ऐसे कार्यक्रम से वोटरों की जागरूकता पर सकारात्मक असर पड़ेगा एवं बैतूल जिले का मतदान प्रतिशत बढ़ेगा।

## अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, हादसे में युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

छिंदवाड़ा जिले के दमुआ क्षेत्र से बैतूल आए एक युवक की सडक़ हादसे में मौत हो गई। उसे जिला अस्पताल के आईसीयू में आज सुबह भर्ती कराया गया था। जहां उसने इलाज के समय दम तोड़ दिया।मृतक का पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। दमुआ क्षेत्र के मातका निवासी गुड्डू का 25 वर्षीय पुत्र अपने पिता और माता के साथ शादी समारोह में शामिल कराने बैतूल के गाता खेड़ा आया था। यहां अपने फूफा किसन के घर मां बाप को छोडऩे के बाद वह बाइक से दमुआ रोड से होते हुए गांव जा रहा था। बताया जा रहा है की नाव घाट के पास उसकी बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। स्थानीय नागरिकों ने 108 एंबुलेंस के जरिए उसे घोड़ाडोंगरी अस्पताल लाया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। यहां आईसीयू में भर्ती रहने के दौरान उसने दम तोड़ दिया। परिजनों को उसके घायल होने की जानकारी उसकी भांजी से मिली थी। जिसके बाद वे घोड़ाडोंगरी पहुंचे थे। लेकिन वहां बताया गया कि उसे जिला अस्पताल लाया गया है। यहां परिजन जबी तक पहुंचते तब तक गुड्डू की मौत हो चुकी थी। अस्पताल चौकी ने देर शाम उसका पीएम करवाकर शव परिजनों को सौप दिया है। मृतक मां बाप का एकलौता पुत्र था।

## हनुमान जयंती पर केसरीनंदन हनुमान मंदिर पर होगा भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आगामी 23 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में चमत्कारी श्री केसरीनंदन हनुमान मंदिर बड़ा नीमए इटारसी रोड बैतूल की समिति के वरिष्ठ एवं युवा सदस्यों द्वारा हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाते हुए कई कार्यक्रमों का आयोजन करने की रुपरेखा तय की गई है। इस संबंध में कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष दयाराम यादव ने बताया कि सोमवार 22 अप्रैल को सुबह 10 बजे से अखंड रामायण पाठ का आयोजन शिव मानस समिति प्रमुख श्री सोलंकीजी एवं उनकी मंडली द्वारा शुरू किया जायेगा। जो मंगलवार 23 अप्रैल की दोपहर 1 बजे तक चलेगा। इसके बाद मंदिर के प्रमुख पुजारी पंडित गोस्वामी जी एवं मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा हवन.पूजन का कार्यक्रम किया जायेगा। इसके बाद में भजन मण्डली प्रमुख संजू बघेल द्वारा भजन संध्या का कार्यक्रम शाम 4ण्30 बजे से किया जाए। शाम 5 बजे से महाप्रसादी का वितरण भी किया जाएगा। रात्रि 9 बजे महाआरती की जाएगी। श्री केसरी नंदन जन्मोत्सव समिति बड़ा नीम के सभी सदस्यों ने धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से जन्मोत्सव कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की है।




### हनुमान जन्मोत्सव पर हनुमान डोल तक चलेगी निःशुल्क बसें विशाल भंडारा होगा

**बैतूल।** चमत्कारी हनुमान डोल हनुमान मंदिर में 23 अप्रैल मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस मौके पर हवन पूजन के उपरांत प्रातः 10 बजे से भंडारा एवं महा प्रसादी होगीएजो देर शाम तक चलेगी। मंदिर समिति के सचिव अमरीश सोनू शर्मा ने बताया कि पिछले वर्ष की तरह इस बार भी समाजसेवी मुकेश खंडेलवाल ने श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क बस की व्यवस्था की है। बस प्रातः दस बजे से देर शाम तक श्रद्धालुओं को कमानी गेट से हनुमान डोल तक लाएंगी और वापस ले जाएंगी। समिति उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गोठी और कोषाध्यक्ष राज सिंह पिंटू परिहार ने श्रद्धालुओं से विशाल भंडारा प्रसादी में परिवार सहित उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## सद् गुरूदेव जी का मनाया अवतरण दिवस




**बैतूल।** सिद्धाश्रम साधक परिवार निखिल मंत्र विज्ञान के प्रणेता सद्गुरूदेव निखिलेश्वरानंद जी डॉण्नारायण दत्त श्रीमाली के अवतरण दिवस पर साधक.साधिकाओं ने जिला अस्पताल में मरीजों और उनके परिजनों को फलों का वितरण किया। इस मौके पर जिले के अनेक साधकों द्वारा गुरूदेव नंदकिशोर श्रीमाली के सानिध्य में 18 व 19 मई को आयोजित होने वाले आध्यात्मिक महाकाली शक्ति साधना शिविर के प्रचार.प्रसार के लिए निखिल मंत्र विज्ञान पत्रिका एवं पैम्पलेट का भी वितरण किया। और आध्यात्मिक मार्ग को अपनाने का अनुरोध किया। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रशांत गर्गए संरक्षक राजीव खंडेलवालए निश्चल कमाविसदारए ओमकार साहूए पंजाबराव चिल्हाटेए हर्षा मनोज अग्रवालए उज्जवला पांसेए नितिन अग्रवालए पुष्पलता शिवप्रसाद उच्चसरेए आशा अग्रवालए अंजु सेनए रीता सातनकरए गोलू विश्वकर्माए चिन्ध्या बर्डेए सुखलालए तरूण साहूए नरेश प्रजापतिए कमलेश बतराए उज्जवल अग्रवालए जीत मालवीए सुरेश जैसवालए सुनील कवड़ेए शिवम काकोडिया आदि मौजूद थे।

**दूल्हा-दुल्हन सहित सबको दिलाई मतदान की शपथ**

## पीले चावल डालकर दिया 7 मई को मतदान करने का निमंत्रण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला बैतूल नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी एवं स्वीप जिला नोडल अधिकारी अक्षत जैन ;मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बैतूलद्ध की प्रेरणा से जिला स्वीप यूथ आइकन शैलेंद्र बिहारिया की पहल पर शनिवार विकासखंड स्त्रोत समन्वयक श्री आर डी जायसवाल की उपस्थिति में ग्राम सिमौरी में पीले चावल लेकर घर.घर जाकर 7 मई मतदान दिवस हेतु निमंत्रण दिया गया। साथ ही शादी के हरे मंडप में दूल्हा.दुल्हन सहित घराती बाराती को मतदान की शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर छात्र छात्राओं ने अपने हाथों से चुनाव का पर्व देश का गर्व एक चित्री मतदान वाले भी अपने पालकों को लिखीए जिसमें लिखा गया की माता जी पिता जी आपने हमें जन्म दियाए हमारा लालन पालन कियाए हमारी हर ज़िद पूरी की इसलिए मैं आपका आभारी हूं। मेरा आपसे करबद्ध निवेदन है कि लोकतंत्र का महापर्व 7 मई को आ रहा है। आप भारत के भाग्य विधाता होए क्योंकि आप मतदाता हो इस बार आप अवश्य मतदान करें।

इस अवसर पर शैलेंद्र बिहारिया ने कहा की आम तौर एक वोट की ताकत को बड़े चुनावों में कम करके आंका जाता है। लोग अक्सर यह कहते सुने जा सकते हैं कि एक वोट से क्या होगा। लेकिन इतिहास खंगालने पर एक वोट की ताकत क्या होती है यह पता चलता है। देश और दुनिया का इतिहास गवाह है कि एक वोट की ताकत कभी कम नहीं रही। एक वोट ने सरकार तक को गिरा दिया तो किसी के मुख्यमंत्री बनने के सपने पर पानी फेर दिया। कहीं एक वोट हिम्मतए साहस और मजबूत इरादे के प्रतीक के तौर पर सामने आया। इस अवसर पर सचिव बलराम पवारए श्याम परतेए पूनम रघुवंशी उपस्थित थी।

## महावीर जयंती पर जैन समाज ने किया शोभायात्रा और रक्तदान शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

महावीर जयंती के अवसर पर बैतूल में जैन समाज ने एक शोभायात्रा और रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शोभायात्रा में समाज के सदस्यों ने धार्मिक भावना के साथ भगवान महावीर के जन्म कल्याणक को सेवा भाव के साथ मनाया। यात्रा के बादए जैन समाज के युवाओं ने जिला अस्पताल में रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में धीरज बोथराए विशाल लुहाडय़ाए प्रणय मरोठीए लोकेंद्र गोठीए अमित बोथराए अभिनव तातेडए सहर्ष तातेडए प्रतीक मरोठीए विनीत गोठी जैसे समाज के सदस्यों ने भाग लिया। इस उत्सव में जैन समाज के कई प्रमुख व्यक्तियों ने भी शामिल होकर सामाजिक सेवा का परिचय दिया। जियो और जीने दो के जय जयकार के साथ सकल जैन समाज द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। कीर्ति स्तंभ पर झंडा वंदन के साथ यात्रा प्रारंभ हुई। यात्रा अस्पताल चौक से बस स्टैंड होते हुए लल्ली चौक कोठीबाजार स्थानक भवन होते हुए संभवनाथ जैन मंदिर पहुंची। यहां शोभायात्रा का समापन किया गया। इसके बाद जैन समाज के नवयुवकों ने जिला अस्पताल में जाकर रक्तदान किया। महावीर की जन्म कल्याणक यात्रा में पूर्व विधायक निलय डागाए अरुण गोठीए शांतिलाल तातेडए महावीर गोठीए मुकेश गोठीए रानीदान लुनियाए अतुल पगारियाए विनय सुराणा आदि श्रावक उपस्थित थे।




## छिंदवाड़ा रोड पर ट्रैक्टर से टकराई पिकअप, चालक घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

छिंदवाड़ा रोड पर ग्राम खैरवानी के पास बीती रात मुलताई की ओर आ रहे ट्रैक्टर से उसके पीछे आ रही पिकअप टकरा गई। जिसके चलते पिकअप सामने से बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और पिकअप चला रहा जौलखेड़ा निवासी 45 वर्षीय मनीराम शिवपाल गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियो द्वारा बताया गया कि ट्रैक्टर मुलताई की ओर जा रहा था, जिसमें पीछे की ओर कोई रिफ्लेक्टर नहीं लगे होने से पिकअप चालक को ट्रैक्टर दिखाई नहीं दिया और वह पीछे से ट्रैक्टर से टकरा गया। पिकअप के टकराने से पिकअप चालक घायल हो गया। जिसे ठलअक एंबुलेंस 1033 के माध्यम से पायलट रविंद्र खंडारे और ईएमटी कमलेश रघुवंशी ने मुलताई नगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डॉक्टर द्वारा उसका प्राथमिक उपचार किया गया।

**प्रशासन को बड़ी दुर्घटना का इंतजार, जिम्मेदार अधिकारी भी नहीं दे रहे हैं ध्यान**

## नगर के मध्य से गुजरने वाला मुख्य मार्ग बना पार्किंग स्थल, हर घंटे लगता है जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

नगर के मध्य व्यापारिक क्षेत्र से गुजरने वाली सड़क पर घंटो पार्किंग किए जाने वाले चार पहिया वाहन नगर वासियों के लिए गंभीर संकट का विषय बनते जा रहे हैं। जिसके चलते आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है वहीं हर घंटे जाम लग रहा है और यह सिलसिला बे रोक-टोक चल रहा है। ताप्ती के प्रथम पुलिया से लेकर नाका नंबर एक तक और फव्वारा चौक से स्टेशन चौक तक नगर का मुख्य मार्ग पार्किंग स्थल बनकर रह गया है। एक तो अतिक्रमण और दूसरी ओर दो पहिया चार पहिया वाहन पार्किंग और प्रतिबंध के बावजूद मुख्य मार्ग से गुजरते भारी वाहन प्रशासनिक व्यवस्था को मुंह चिडाते प्रतीत होते हैं।






प्रशासन की लापरवाही के चलते नगर की यातायात व्यवस्था चौपट होकर रह गई है जिसका प्रभाव आम नागरिक को सहित व्यापारियों के व्यवसाय पर भी बढ़ रहा है। बुक स्टोर व्यापारी वासु जोशी बताते हैं कि एक तो मार्ग की चौड़ाई कम है और दोनों और चार पहिया वाहन खड़े कर दिए जाते हैं और घंटो बगैर रोक-टोक खड़े रहते हैं और ऐसे में जब भी कोई यात्री बस या बड़े वाहन मार्ग से गुजरता है जाम लग जाता है लोगों का पैदल चलना मुहाल हो जाता है और खड़ी गाड़ी में ड्राइवर नहीं होते अब किसे बोले ऐसा कोई नंबर भी नहीं है के अधिकारियों को इसकी सूचना दे सके। उल्लेखनीय है कि थाने मे शांति समिति की बैठक होती है बिगड़ी यातायात व्यवस्था और मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण और पार्किंग की समस्या का मुद्दा उठता है किंतु बैठक के बाद ना तो प्रशासन ने कभी इस समस्या को गंभीरता से लिया और ना ही बैठक में समस्या उठाने वाले लोग ही बैठक से आने के बाद यह बात याद रख पाते हैं जिसका खामियाजा आम आदमी को भुगतना पड़ता है। जिस तरह से नगर के मध्य की यातायात व्यवस्था बिगड़ रही है और जाम लग रहे हैं कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है और तब शायद प्रशासन की भी आंख खुलेगी और जन प्रतिनिधि और नागरिक यह कहकर चिल्लाते नजर आएंगे कि हमने पहले कहा था।

### मुख्य मार्ग पर वाहन पार्किंग करने पर नियमित होनी चाहिए करवाई

नगर के मुख्य मार्ग पर पार्किंग की समस्या को देखते हुए नगर पालिका ने पुराने अस्पताल के समक्ष पार्किंग स्थल बना कर रखा है किंतु पार्किंग स्थल बनने के बावजूद यहां कभी पार्किंग नहीं होती पार्किंग मुख्य मार्ग पर ही होती है। नगर पालिका चाहे तो दो कर्मचारी तैनात कर पुलिस के साथ बेतरतीब ढंग से पार्क किए गए वाहनों पर चालानी कार्रवाई कर सकती है और मार्ग में खड़े वाहनों को पार्किंग स्थल में खड़े करवा सकती है। किंतु आज तक नगर पालिका ने ऐसे प्रयास नहीं किए दूसरी ओर पुलिस प्रशासन भी जब भी टारगेट की बात आती है माह में एक बार चालानी कार्रवाई की औपचारिकता निभाकर थाना लौट जाते है। और मजेदार बात तो यह है कि थाने के सामने जहां सबसे कम सकरा मार्ग है वहीं घंटो माल वाहक वाहन खड़े रहकर माल भरते और उतारते देखे जा सकते हैं। प्रशासन को चाहिए कि इससे पहले की कोई बड़ी दुर्घटना हो बड़े शहरों की तरह पहिया लाक का उपयोग कर मार्ग में खड़े वाहनो के पहीयो को लाक करें और फिर इन पर नियमित चालानी कार्रवाई हो।

### विवाह से मतदान पर असर नहीं हो, घर-घर जाकर प्रशासनिक अमला कर रहा प्रोत्साहित

# जागरूकता: विवाह संस्कार में शामिल होने वाले परिवार पहले करें मतदान

लोकसभा चुनाव में सभी की सहभागिता जरूरी है। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर अधिकारियों द्वारा ऐसे परिवार जो 26 अप्रेल को विवाह समारोह में शामिल होने जा रहे हैं उन्हें मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। रविवार को अधिकारी कर्मचारियों ने घरों घर पहुंचकर मतदाताओं को सबसे पहले मताधिकार का उपयोग कर लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपनी सहभागिता निभाने के लिए प्रोत्साहित किया।



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जनपद पंचायत नर्मदापुरम अंतर्गत विधान सभा 137 होशंगाबाद के ग्राम रोहना में मतदान केन्द्र क्रमांक 13 के मतदाताओं से जनपद पंचायत नर्मदापुरम के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत सूत्रकार के नेतृत्व में ग्राम रोहना एवं पतलई में जिन परिवारों में 26 अप्रैल को विवाह संस्कार सम्पन्न होना है, उन परिवारों के परिजनों से अनिवार्यतः वोट डालने की अपील की। 26 अप्रैल को ग्राम रोहना में बबली पिता शंकरलाल केवट का विवाह है इनके परिवार में 8 मतदाता हैं, ग्राम पतलई में शिवम पिता सुरेश यादव का विवाह है इनके परिवार में 4 वोट हैं आज मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत सूत्रकार, ब्लाक समन्वयक रामकुमार गौर, ग्राम पंचायत सचिव विजय चौरे,सहायक सचिव एवं बीएलओ प्रयास गोस्वामी,अनिल मेहरा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नीता मेहरा आंगनवाड़ी सहायिका प्रीति धुर्वे, आशा कार्यकर्ता सरिता धुर्वे द्वारा विवाह वाले दोनों परिवारों से संपर्क कर मतदान करने की समझाइश दी गई।

विवाह वाले परिवारों के घर मेहमान आना भी प्रारंभ हो गया है इसलिये घर पर आये मेहमानों को भी समझाइश दी जा रही है कि मतदान अवश्य करें।

## होशंगाबाद विस में निर्वाचन कराने वाले 262 दलों ने लिया प्रशिक्षण

लोक सभा निर्वाचन 2024 में पॉलिटेक्निक कॉलेज में आज मतदान दलों का अंमित प्रशिक्षण संपन्न हुआ इस प्रशिक्षण के उपरांत अब सीधे चुनाव कराने के लिये दल 25 अप्रैल को पोलिंग बूथ के पर प्रस्थान करेगा। प्रशिक्षण में आज 80 मतदान दलों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया पूर्व के दो दिनों में 182 दलों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया इस प्रकार कुल 262 मतदान दल अब तक प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। इन मतदान दलों में कुल 1048 कर्मचारी हैं जो ईडीसी के माध्यम से मतदान करेंगे।



प्रशिक्षण के अंतिम दिवस में मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत सूत्रकार, नायब तहसीलदार कीर्ति प्रधान एवं सृष्टि डेहरिया ने प्रशिक्षण चल रहे सभी 6 कमरों में जाकर निरीक्षण किया एवं सभी अधिकारी कर्मचारियों से ईडीसी के संबंध में जानकारी ली । इस बार निर्वाचन के दिन 26 अप्रैल को अधिक विवाह होने के कारण मतदान कम नहीं हो इसलिये मतदाता जागरूकता अभियान पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है पूरा प्रशासनिक अमला मतदान के प्रतिशत बढ़ाने पर जोर दे रहा है। शासकीय अधिकारी कर्मचारियों जो निर्वाचन कार्य में संलग्न हैं सभी को ईडीसी दी जा रही है जिससे वे जहां पर भी संलग्न हैं नजदीक के मतदान केन्द्र पर जाकर मतदान कर सकें। नायब तहसीलदार कीर्ति प्रधान ने बताया कि 137 विधान सभा क्षेत्र होशंगाबाद में अभी तक 3107 ईडीसी जारी की जा चुकी हैं जिसमें मतदान दल, बीएलओ, डॉक्टर पुलिश एवं अन्य कर्मचारी अधिकरी शामिल हैं। संलग्न अधिकारी कर्मचारी अपनी सुविधा अनुसार लोक सभा निर्वाचन में किसी भी मतदान केन्द्र पर जाकर मतदान कर सकते हैं।

### कलेक्टर ने सामग्री वापसी के लिए की जा रही व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया

कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी 17 होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र सोनिया मीना ने शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नर्मदापुरम का निरीक्षण किया। प्रशिक्षण संस्थान में मतदान उपरांत सामग्री वापसी के लिए की जा रही व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्य करने के लिए दिशा निर्देश भी दिए । निरीक्षण के समय पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गुरुकरन सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री सोजान सिंह रावत , अपर कलेक्टर डीके सिंह, ईवीएम के नोडल अधिकारी के एस मिर्धा , इलेक्शन सुपरवाइजर कैलाश दुबे, नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर पंकज दुबे , पीडब्ल्यूडी के एसडीओ राजीव पाठक तथा विद्युत एवं मैकेनिक के एसडीओ रमन सिंह उपस्थित रहे । इसके उपरांत कलेक्टर ने तवा भवन में चुनाव के दिन मॉक पोल के समय एवं कमिशिनिंग के दौरान खराब हुई ईवीएम को रखने के लिए गए केटेगरी सी के स्ट्रांग रूम को रखने के लिए कैटिगरी सी के स्ट्रांग रूम तथा अनयूस ईवीएम को रखने के लिए केटेगरी डी के स्ट्रांग रूम तथा प्रशिक्षण एवं जागरूकता के लिए उपयोग की गई ईवीएम को रखने के लिए बनाया गया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया एवं आवश्यक निर्देश दिए।

## भगवान श्री महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बनखेड़ी

बनखेड़ी श्री 1008 वासुपूज्य दिगम्बर जैन मंदिर बनखेड़ी में भगवान श्री महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भगवान पर शांतिधारा करने का सौभाग्य संजय कुमार जैन, रंजना जैन, गौरव जैन, ऋषि जैन रायपुर को प्राप्त हुआ और भगवान को प्रथम पालना झुलाने का सौभाग्य विनोद जैन सौरभ जैन नयाखेड़ा परिवार को प्राप्त हुआ और भगवान के जन्मकल्याणक पर बधाई के लड्डू वितरण संजय कुमार जैन, बंटी अतिशय जैन परिवार के द्वारा किया गया और सभी को स्वल्पाहार युवा संगठन के बच्चों की तरफ से किया गया सुबह 6.30



मंदिर में झंडारोहण किया गया। उसके बाद अभिषेक शांतिधारा और भगवान को पालना झुलाने और श्रीजी को नगर भ्रमण पर शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें सकल दिगम्बर जैन समाज उपस्थित रहीं साथ में श्री जिनवाणी जी की पालकी भी श्री तारण तरण चैत्यालय से साथ में निकालकर मंदिर में वापस आकर अभिषेक और पूजन हुआ और चैत्यालय में धूमधाम से मंदिर विधि सम्पन्न हुई। जिसमें सकल दिगम्बर जैन समाज उपस्थित रही।

## युवा मोर्चा नर्मदापुर मंडल ने नमो युवा चौपाल का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

लोकसभा चुनाव के अंतर्गत भारतीय जनता युवा मोर्चा नर्मदापुर मंडल ने युवा चौपाल का वार्ड क्रमांक 19 में आयोजन किया। उक्त कार्यक्रम में भाजपा प्रत्याशी दर्शन सिंह चौधरी ने उपस्थित होकर युवाओं से चर्चा करते हुए कहा कि हम सभी युवा स्वामी विवेकानंद जी से प्रेरणा लेते हुए नरेंद्र से नरेंद्र तक की इस यात्रा में जुड़कर मोदी के विकसित भारत निर्माण के संकल्प की पूर्ति में सहायक होंगे। मंडल अध्यक्ष सुंदरम अग्रवाल ने बताया कि उक्त कार्यक्रम को राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, विधायक डॉक्टर सीतासरन शर्मा, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ संयोजक अखिलेश खंडेलवाल, प्रदेश मंत्री युवा मोर्चा




प्रांशु राणे, जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष रोहित गौर , पूर्व मंडल अध्यक्ष विकास नारोलिया ने भी संबोधित किया। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष दीपक महालहा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जिले के प्रत्येक वार्ड एवं पंचायत में नमो युवा चौपाल का आयोजन कर मेरा पहला वोट देश को मेरा पहला वोट मोदी के संदेश के साथ नवमतदाताओं से संपर्क करेगा। इस अवसर पर अनिल दुबे, अमित तिवारी, मनीष परदेशी, रूपेश राजपूत, गौरव नायक,गजेंद्र चौहान, अंकित सैनी, वीरू पटवा, रहमान खान,राहुल ठाकुर, आशुतोष शर्मा, दुर्गेश मिश्रा, ऋषभ शुक्ला,जसवीर सिंह, अमन चुटीले, यश तिवारी, सागर संतोरे , सुमित मीना, पंकज खत्री, मयंक गौर आदि भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

### बिना अनुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्ष, शांतिपूर्ण संचालित हो इसके लिए गत दिवस दण्ड प्रक्रिया के तहत आदेश जारी किये है। जारी आदेशानुसार मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम-1985 के तहत पूरे जिले में सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। यह प्रतिबंधित आदेश 06 जून तक प्रभावशील रहेगा। इसके साथ ही मतदान के दिन, मतदान समाप्त होने के समय से 48 घण्टे पूर्व तक किसी भी स्थिति में प्रचार के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग की अनुमति नहीं दी जावेगी। आवेदक ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग के समय अनुमति पत्र को प्रचार स्थल पर अथवा वाहन पर प्रदर्शित करेंगें।

## नोडल अधिकारी ने खेल गतिविधि की ली जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नगर के सीएम राइम्स स्कूल प्राचार्य संजीव दुबे के नेतृत्व में खेल मैदान में शाम 5 बजे से 7 तक फुटबॉल रग्बी खेल तथा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक स्कूल में हैंडबॉल और ताइक्वांडो का नियमित निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

स्कूल के प्राचार्य नरेंद्र राज के द्वारा बताया गया कि खिलाड़ियों को खेल की बारिकियों को समझने के लिए अधिकारी लगातार नजर बनाए हुए हैं। बच्चों को मजबूत करने का कार्य प्रशिक्षक द्वारा किया जा रहा है निर्यात निर्मित अभ्यास करने खिलाड़ियों से लोक शिक्षण संचालनालय के संभागीय जिला अधिकारी नोडल प्रभारी अश्वनी मालवीय ने परिचय प्राप्त कर खिलाड़ियों को मार्गदर्शन किया। इस दौरान विकासखंड स्तर पर अरविंद शर्मा खेल समन्वय प्रीतम सिंह पुरवइया युवा कल्याण प्रशिक्षक सचिन पुरबिया नरेंद्र मालवी राशिद खान सौरभ का निशा ठाकुर सहित तमाम खिलाड़ी शामिल रहे। खिलाड़ियों का लगातार प्रोत्साहन किया जा रहा है।

## जैन समाज ने निकाली भगवान महावीर की शोभायात्रा, जगह-जगह हुआ पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी सकल जैन समाज ने उत्साह पूर्वक भगवान महावीर का जन्मोत्सव जयंती के रूप में मनाया जिसमें उन्होंने पचमढ़ी रोड द्वारा बाजार जैन मंदिर से विवेक जैन के नेतृत्व में सभी ने एक डोली में बिठाकर भगवान महावीर को नगर भ्रमण पर निकला सुबह से ही भजन कीर्तन आरती आदि के आयोजन हुए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन भी किए गए। जैन समाज ने महावीर भगवान की विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया जो नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई इतवारा बाजार जनली दशहरा मैदान से शोभा यात्रा प्रारंभ हुई पुराना गल्ला मंडी में जैन समाज एवं कांग्रेस के द्वारा शोभा यात्रा का स्वागत करते हुए मनीष शाह के द्वारा भगवान महावीर का पूजन अर्चन किया गया और उसके पश्चात मंगलवार चौराहे पर दुर्गा मंदिर



धार्मिक न्यास के अरविंद राय के द्वारा भगवान महावीर का पूजन अर्चन किया गया तो वहीं पर मंगलवार का चौराहे पर हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष श्याम सुंदर सोनी के द्वारा भगवान महावीर का पूजन अर्चन किया गया। वहीं पर सभी जैन समाज की महिला एवं पुरुषों के द्वारा सफेद वेस्टन में घुड़सवार की सरिया व्यवस्था में चल रहे थे काफी संख्या में उपस्थित थे शोभाया रेलवे ओवरब्रिज होकर मंगलवार चौक पहुंची इस तरह से जगह-जगह अनेक समाजसेवी संस्थाओं ने स्वागत किया उसके बाद इतवारा बाजार स्थित जैन मंदिर में नगर भ्रमण के पश्चात शोभा यात्रा लॉटरी वहां पर पूजन आरती कर कार्यक्रम का समापन किया। सुबह 8 बजे से ही शोभा यात्रा प्रारंभ की नजर के मुख्य मार्ग में होती हुई भगवान महावीर स्वामी को नगर भ्रमण कराया गया और उनके द्वारा नगर के निवासियों के हाल भी जान गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी जैन समाज के बच्चों के द्वारा भाग लिया गया जैन समाज से जितेंद्र जैन प्रदीप जैन सहित जैन समाज के तमाम लोगों ने भाग लेते हुए कार्यक्रम का आयोजन किया।

## कॉलेज में मार्गदर्शन स्पर्धा का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



शहीद भगत सिंह महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ राकेश वर्मा के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई के द्वारा मार्गदर्शन में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बहुत सारी छात्राओं ने प इस प्रतियोगिता का खुद देश वर्तमान में होने वाले लोकसभा चुनाव में लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित रहा। 26 अप्रैल को होने वाले मतदान में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए महत्व को समझने के लिए लोगों को छात्र-छात्राओं ने एक रैली के माध्यम से संदेश दिया एक वोट का महत्व क्या होता है यही समझता है बोर्ड की कीमत क्या है बोर्ड से सरकार बनाई जा सकती है सरकार गिराई जा सकती है 100 प्रतिशत मतदान करना है इसके लिए उन्होंने मेहंदी के माध्यम से सभी छात्राओं ने अपना प्रथम ज्योति कृति स्थान प्राप्त करते हुए मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया। मेहंदी के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें डॉक्टर मधुबाला खुशबू पगार आशा तिवारी निर्णायक भूमिका में रही वहीं पर प्रथम स्थान राजकुमारी रघुवंशी दूसरा कुमारी अंकित यादव तीसरे स्थान मनीष अहिरवार ने प्राप्त किया। पिपरिया विकासखंड में निर्वाचन अधिकारी के प्रयास से लगातार निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए लगातार रैली भाषण एवं प्रतियोगिताओं के आयोजन किया जा रहे हैं।

## राम नाम के जाप से देव से महादेव बने भगवान शंकर: पं.मोहितरामजी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भगवान के नाम में इतना प्रभाव होता है कि बड़ा सा बड़ा संकट टल जाता है। भगवान शंकर निरंतर दिन रात राम नाम का जाप करते हैं। ऋषि वाल्मीकि ने मरा-मरा का जाप से भगवान को प्राप्त कर लिया। राम से बड़ा राम का नाम जो भी नाम रूपी राम की शरण लेता है, वह भवसागर से पर हो जाता है। उक्त उद्गार ग्राम पचामा में पूज्य संत धर्म रक्षक श्री श्री 108 पंडित दुर्गा प्रसाद जी कटारे बाबा के सानिध्य में श्री मारुति नंदन महायज्ञ में चल रही सप्त दिवस श्री राम कथा के तृतीय दिवस राष्ट्रीय संतकथा व्यास पंडित मोहितरामजी पाठक ने व्यक्त किये। राम कथा के दौरान भगवान शिव की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान शिव संसार के इश्वर है, आदि और अनादि है, विश्वेश्वर है, त्रंबकेश्वर माहेश्वर है। ओंकारेश्वर जब अपनी शक्ति को धारण करते हैं, तो अर्धनारीश्वर बन जाते हैं शिव शक्ति की ज्योति का मिलन होता है और यही से सनातन का उदय होता है जहां शिव है वहां धर्म है जहां शक्ति है वहाँ पूजा है वहां परमात्मा है वहां महात्मा आदि शक्ति माँ की कृपा कहीं गंगा कहीं जमुना कहीं नर्मदा के रूप में हमें प्राप्त हुई है। यही सनातन का अनंत स्वरूप है। आगे कथा में वर्णन करते हुए कहा शिव और शक्ति से सनातन का उदय हुआ है । जहां महादेव हैं वहां राम है वहां गौ माता है जहां गौमाता है गोविंद है गंगा है गुरु है वही सनातन है। आज हम हिंदू नव वर्ष मना रहे हैं इसलिए संपूर्ण भारतवासी भगवान राम और सनातन की शरण ग्रहण करें। यही हर कथा व्यास संत सभी सनातनीयो का लक्ष्य होना चाहिए। तृतीय दिवस की कथा में बड़े धूमधाम से भगवान शिव पार्वती का विवाह महोत्सव मनाया जाएगा। आयोजन समिति ग्राम पचामा ने संपूर्ण क्षेत्रवासियों से कथा में पधारकर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया है।

## कार्यशाला का आयोजन : स्वस्थ जीवन शैली को लेकर विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को दिए टिप्स

**इछावर।** नगर के शासकीय स्नातक महाविद्यालय मे शनिवार को स्वास्थ्य जागरूकता एवं विश्व स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता एवं स्वस्थ जीवनशैली को लेकर जानकारियां दी गई। इसी दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा स्वास्थ्य को लेकर कई रौचक सवाल पूछे जिनका विशेषज्ञों ने जवाब देते हुए उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

रविवार को आयोजित कार्यशाला मे मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर अंकित चाण्डक एवं डॉक्टर शुभम् शर्मा और डॉक्टर मुकेश व्यास विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज प्राचार्या डा सुनीता यादव ने की । कार्यक्रम में विद्यार्थियों को स्वास्थ्य सजकता एवं स्वस्थ जीवन शैली को लेकर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई साथ ही स्वास्थ्य को लेकर उनकी विभिन्न जिज्ञासाओं का विशेषज्ञों द्वारा समाधान किया गया ।कार्यक्रम समन्वयक डा कलावती गाडरिया,संयोजक डा.विमल तिवारी ,आयोजक विनीत शर्मा ने कार्यक्रम मे सहभागिता करते हुए विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक




रहने की सलाह दी।कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद मुख्य अतिथि डॉक्टर श्री चाण्डक ने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के कई टिप्स बताएं खासकर महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति अधिक सजग रहने की हिदायत दी गई । इसीके साथ उन्होंने स्वास्थ्य को लेकर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी। डॉक्टर मुकेश व्यास ने पर्सनल हाईजीन को विस्तारपूर्वक समझाया। डॉक्टर शुभम शर्मा द्वारा तम्बाकू निषेध तथा मुख कैंसर से बचने के उपायों की जानकारी दी गई।

कार्यशाला में विनीत शर्मा ने स्वच्छ पर्यावरण और उत्तम स्वास्थ्य को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में सीताराम विश्वकर्मा, अरविंद बैस,दीप्ति चौरसिया, राजेश अहिरवार, शरद मेश्राम, कमलेश वर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे । इस दौरान कई छात्र-छात्राओं ने स्वास्थ्य को लेकर कई रौचक सवाल पूछे , जिनका चिकित्सकों ने जवाब दिएं । कार्यशाला में बडी संख्या में विद्यार्थियों की बीपी , शुगर आदि की जाँच भी की गई। कार्यक्रम का संचालन डा विमल तिवारी ने किया जबकि आभार प्राचार्य डा यादव ने व्यक्त किया।

**खबर संक्षेप**

## हाटकेश्वर जयंती पर आज निकाली जाएगी शोभायात्रा



**खंडवा** । पाताल लोक के राजा भगवान हाटकेश्वर महादेव नगर भ्रमण के लिए आज सोमवार को निकलेंगे। नागर समाज खंडवा के अध्यक्ष राघवेंद्र राव मंडलोई ने बताया कि प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी नागर समाज के इष्ट देवता भगवान हाटकेश्वर महादेव 22 अप्रैल को हाटकेश्वर जयंती के अवसर पर नगर भ्रमण के लिए पालकी में निकलेंगे, इस अवसर पर समाजजनों द्वारा संकीर्तन भी किया जाएगा। उक्त शोभायात्रा प्रातः 8 बजे हाटकेश्वर मंदिर खंडवा प्रारंभ होकर, राम मंदिर बुधवारा बाजार, केवलराम चौराहा से घंटाघर सराफा होते हुए पुनः हाटकेश्वर मंदिर पर समाप्त होगी। नगर भ्रमण के दौरान विभिन्न जगहों पर भगवान हाटकेश्वर की शोभा यात्रा का स्वागत किया जाएगा। दोपहर मैं भगवान हाटकेश्वर महादेव का अभिषेक, हवन, पूजन किया जाएगा तथा शाम में महाआरती के साथ भंडारे का आयोजन भी रखा गया है। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि चैत्र कृष्ण और शुक्ल पक्ष में अधिक त्यौहार आते हैं, हाटकेश्वर जयंती के साथ ही रामनवमी ,हनुमान जयंती, महावीर जयंती के अन्य त्योहार सामाजिक बंधु उत्साह के साथ मनाते हैं, सोमवार को नगर में हाटकेश्वर जयंती उत्साह के साथ मनाई जाएगी।

## सड़क हादसे में 2 युवक घायल, जिला अस्पताल में भर्ती

**हरदा।** बीती रात इंदौर बैतूल नेशनल हाइवे पर हंडिया थाना क्षेत्र के तलाईटप्पर के पास एक पिकअप और ट्रैक्टर के बीच भिंड़त हो गई। इसमें पिकअप के चालक और कंडक्टर को गंभीर चोटें आई है। जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में एडमिट कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार अहमदाबाद के रहने वाले जीजा नीलेश पिता खोड़ाभाई सरविया उम्र 40 साल और उसका साला गिरीश पिता नरेंद्र बारोठ दोनों पिकअप वाहन से मिठाई बनाने की मशीन छोड़ने छिंदवाड़ा गए थे। वहां से वापस खाली गाड़ी ले जाने के दौरान अचानक नींद का झोंका लगने से उनकी गाड़ी तलाई टप्पर के पास एक ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई। इसके चलते जीजा नीलेश का दायां पैर टूट गया है। जबकि साले गिरीश मो सिर और हाथों में चोट आई है। जिन्हें राहगीरों की मदद से एम्बुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया गया है। जहां सर्जिकल वार्ड में दोनों का उपचार जारी है।

## जहरीला पदार्थ खाने से नप कर्मचारी की मौत जांच में जुटी पुलिस

**हरदा।** शनिवार को नगर परिषद खिरकिया के एक कर्मचारी ने जहरीली दवा का सेवन कर लिया था। इससे उसकी रात 11 बजे के आसपास जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। रविवार सुबह मृतक के शव का जिला अस्पताल में पीएम कर परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक नगर परिषद खिरकिया में सहायक ग्रेड तीन के पद पर पदस्थ मनीष पिता प्रेमनारायण भिलाला उम्र 36 साल बीते कुछ महीनों से मानसिक रूप से बीमार चल रहा था। इसके चलते उसका उपचार चल रहा था। वहीं उसकी पत्नी भी छोड़कर उसके पीहर में रह रही थी। इसी बात से परेशान होकर उसने शनिवार शाम को जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। तबीयत बिगड़ने पर उसने परिजनों को बताया, तभी उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खिरकिया लाया गया। जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। जहां उपचार के दौरान रात ग्यारह बजे उसने दम तोड़ दिया। मृतक के पिता ने पुलिस को दिए बयान में बेटे के अधिक शराब पीने और बहू के मायके में रहने की बात बताई है। इस मामले को लेकर सीएमओ राकेश मिश्रा ने बताया कि सम्बंधित कर्मचारियों दिसंबर महीने से नशा मुक्ति केंद्र में एडमिट था। इसके चलते तत्कालीन सीएमओ ने उसके वेतन के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों से अभिमत मांगा गया था।चूंकि कर्मचारी मनीष ने मार्च में ही ज्वॉइन किया था और मुझे ज्वाइन किए अभी कुछ ही दिन हुए हैं।

### तेज गर्मी और उमस के बीच अचानक बदला मौसम: हवा में उड़ गए मकानों के छप्पर

# रेहटी में तेज आंधी ने मचाया कोहराम, पेड़ और बिजली के खंबे हुए धराशाही, क्षेत्र में ब्लैक आउट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले में भीषण गर्मी का दौर लगातार जारी है। बीते 24 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान 39.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग का अनुमान है कि अभी तापमान में आने वाले दिनों में और बढ़ोतरी दर्ज होगी। दिनभर तेज धूप और गर्मी के दौर के बीच अचानक शाम को रेहटी क्षेत्र में तेज आंधी के साथ करीब 15 मिनट तक बारिश हुई, जिससे वातावरण में ठंडक घुल गई। तेज आंधी चलने से सैकड़ा पेड़ और बिजली के खंबे धराशाही हो गए। इससे क्षेत्र में ब्लैक आउट की स्थिति बन गई।

शासकीय कृषि कॉलेज में स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डा एसएस तोमर ने बताया कि अभी पश्चिम से हवाएं चल रही है, जिनकी गति 15 किलोमीटर प्रति घंटे के लगभग है। आसमान पर हल्के बादल भी छाए हुए हैं, लेकिन अभी बारिश का कोई अनुमान नहीं है। उन्होंने बताया कि दो दिन बाद तापमान में और बढ़ोतरी दर्ज होना लगभग तय है। इधर, स्वास्थ्य विभाग ने आमजनों को सलाह दी है कि वे बदलते मौसम में खान-पान का रखें ध्यान ताकि बीमारियां न करें परेशान ताजा और हल्का भोजन ही खाएं, जंक फूड खाने से बचें, पानी अधिक मात्रा में पिएं, फलों का सेवन करें, चाय, कॉफी, गैस वाले पेय पदार्थों का सेवन नहीं करें, गर्मियों में रखें अपना ध्यान ताकि बीमारियां न करें परेशान, धूप और अधिक तापमान की वजह से होने वाली सामान्य परेशानियां जैसे गर्म लाल और सूखी त्वचा, मतली या उल्टी, तेज सिर दर्द, मांसपेशियों में कमजोरी या ऐठन, सांस फूलना, धड़कन तेज होना, घबराहट, लू से बचें गर्मियों में बाहर घूमने जाएं तो अपना विशेष ध्यान रखें। पीने का पानी,जुस साथ रखें और हाइड्रेटेड रहें, पतले, ढीले सूती वस्त्र पहनें, अपने सिर को छाते, टोपी, तौलिया आदि से ढक लें, ताकि धूप के सीधे संपर्क में आने से बचा जा सके, नंगे पांव बाहर ना निकलें, अपना ध्यान रखें लू से बचें लू लगने के कारण होने वाली बीमारियों से बचा जा सकता है यदि आप या कोई भी अन्य व्यक्ति लू के कारण होने वाले तनाव के लक्षणों का अनुभव करता है। उसे तत्काल चिकित्सक से संपर्क करें। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार लू लगने के कारण होने वाली बीमारियों से बचा जा सकता है यदि आप या कोई भी अन्य व्यक्ति लू के कारण होने वाले तनाव के लक्षणों का अनुभव करता है तो तत्काल चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए।

### रेहटी में तेज आंधी के साथ हुई बारिश कई पेड़ हुए धराशाही

**सीहोर।** रविवार की शाम को अचानक मौसम में परिवर्तन हुआ और तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। करीब 15 मिनट तक आंधी और तूफान चलने से क्षेत्र के कई पेड़ धराशाही हो गए। वहीं बिजली के खंबे टूटने से विद्युत व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्थ हो गई। जानकारी के अनुसार रविवार शाम करीब 5 बजे रेहटी, सलकनपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में तेज आंधी का दौर शुरू हो गया। करीब 15 मिनट तक चली आंधी में सैकड़ों हरे-भरे पेड़ धराशाही हो गए। वहीं बिजली के खंबे भी टूट गए । इससे क्षेत्र में ब्लैकआउट की स्थिति निर्मित हो गई। बारिश के साथ चने के आकार के ओले भी गिरे। बारिश होने से सड़कों पर पानी जमा हो गया। बारिश होने के साथ वातावरण में ठंडक घुल गई और लोगों को तेज गर्मी से राहत मिली। वहीं आंधी चलने से क्षेत्र में कितनी नुकसान हुआ है इसका आंकलन किया जा रहा है।

### फाइल पर 'फीमेल' की जगह 'मेल' लिखा

# नर्स की भूल से अस्पताल में परिजन का झगड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा

खंडवा के जिला हॉस्पिटल में बच्चे की अदला-बदली को लेकर प्रसूता के परिजनों ने हंगामा कर दिया। हालांकि हॉस्पिटल से बच्चा नहीं बदला गया। फाइल पर गलती से 'फीमेल' की जगह 'मेल' लिखा होने पर परिजन को गलतफहमी हो गई। बाद में नर्सिंग स्टाफ ने एक घंटे तक समझाया। परिवार वालो से गलती की माफी भी मांगी। लेकिन गुस्साएं परिजन ने इसे स्टाफ की लापरवाही बताई और जांच कराने की बात कह दी। दरअसल, मामला जिला हॉस्पिटल के लेबर रूम में गुरुवार रात का है। शुभम लाड़ निवासी दादाजी वार्ड ने बताया कि गुरुवार रात को अचानक दर्द होने पर मेरी भाभी अंबिका पति शंकर को जिला अस्पताल लेकर आए थे। अगले दिन सुबह करीब 7.48 मिनट पर बालिका का जन्म हुआ। इस दौरान मेरे घर वाले अस्पताल में मौजूद थे। जच्चा- बच्चा दोनों स्वस्थ थे। इसके बाद शनिवार सुबह करीब 11.30 बजे जब डिस्चार्ज लेने गाए तो हमें जो फाइल दी गई। उसमें लड़के के आप्शन पर 'निशान' लगा हुआ । शुभम ने कहा कि फाइल देखकर मुझे शंका हुई, क्योंकि हमारे पास बालिका थी। हमने इस संबंध में नर्स से पूछा तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। डॉक्टर बोली-डिस्चार्ज पेपर बनाने में गलती हुई होगी। इधर, स्टाफ की माफी की बात पर हमने उनसे कहा कि हमें किसी से कोई माफी नहीं मंगवाना है। हम बच्चे का डीएनए कराएंगे। यदि रिपोर्ट गलत आती है तो केस करेंगे। वहीं, मामले में प्रसूति करने वाली नर्स का कहना है कि फाइल में लिखने में गलती हुई है। बच्चा सही दिया गया है। जहां जांच कराएंगे हमे कोई आपत्ति नहीं।

# महावीर जयंती पर शहर में निकली शोभायात्रा, जैन समाज के लोग हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

रविवार को जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म उत्सव लोगों ने धूमधाम से मनाया। धन्य घड़ी, धन्य भाग्य भयो, तुम्हारो उत्सव आयो जी, जन्म जयंती आज मनावां थारो उत्सव आयो जी के जयकारों के बीच शहर में भगवान महावीर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर दिगम्बर जैन समाज ने शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली। जिसमें ध्वजा पताका,अहिंसा परमो धर्म,जियो और जीने दो का बैनर लिए लोग चल रहे थे। शहर के खेड़ीपुरा स्थित जैन मंदिर से निकली शोभायात्रा में भारी संख्या में जैन समाज के सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए।

महिला,पुरुष व बच्चे भजन की धुन पर थिरकते आगे बढ़ रहे थे। शोभायात्रा में भगवान महावीर स्वामी ने पालकी में सवार होकर नगर भ्रमण किया। शोभायात्रा में शामिल पुरुषों ने सफेद कपडे और महिलाओं ने केसरिया साड़ी पहनकर शहर के लोगों से भगवान महावीर स्वामी के बताएं सत्य एवं अहिंसा के बताए मार्ग पर चलने की अपील की। समाज के सदस्य प्रदीप अजमेरा ने बताया कि महावीर जयंती के अवसर पर सुबह समाज के सदस्यों ने शहर में प्रभात फेरी निकालकर श्रीजी का अभिषेक किया। वही उसके बाद शोभायात्रा निकालकर उन्हें पालने पर भी झुलाया गया। दयोदय गौ शाला में समाज के लोगों द्वारा गोवंशीय पशुओं को हरा चारा खिलाया गया।

### सम्मेलन में 18 जोड़ों ने थामा एक-दूसरे का हाथ

# बलाही समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न





हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

अखिल भारतीय बलाही समाज के विवाह सम्मेलन कार्यक्रम में 18 जोड़ों ने एक दूसरा का थाम हाथ, तीन जोडे नहीं हो पाए कार्यक्रम में शामिल, मतदान करने की शपथ ग्रहण की। जिला मुख्यालय पर रविवार को अखिल भारतीय बलाही समाज के तत्वाधान में निशुल्क विवाह सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें 21 जोड़ों का पंजीयन दर्ज किया गया था। रविवार को हुए सामुहिक विवाह कार्यक्रम में 18 जोड़े शामिल हुए एवं तीन जोडे निजी कारण कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए। समाज के पंडित देवेंद्र द्वारा विवाह कार्यक्रम संपन्न करवाया गया। जिला मुख्यालय पर विवाह सम्मेलन कार्यक्रम में बलाही समाज के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण मंगरिया कार्यक्रम में शामिल हुए। नव जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया। साथ ही उन्होंने समाज के कार्यकर्ताओं को संबोधित भी किया। उन्होंने कहा कि हरदा जिला मुख्यालय पर पहली बार निशुल्क विवाह सम्मेलन का आयोजित किया गया और आज समाज के लोगों ने सहयोग से ऐतिहासिक काम हुआ है ऐसे काम हमेशा होते रहना चाहिए। अखिल भारतीय बलाही समाज के प्रदेश महासचिव के सी ओसले ने कहा है कि समाज के कार्यकर्ताओं के द्वारा निशुल्क के विवाह सम्मेलन के लिए गांव-गांव में जाकर हर व्यक्ति से इस कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया। आज बड़ी संख्या में विवाह सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल हुए समाज में नई दिशा देने के लिए इस प्रकार से आयोजन हमेशा होते रहना चाहिए। जिससे समाज का आगामी दिनों में विकास होता है। कार्यक्रम में विशेष रूप से शामिल हुई है होशंगाबाद, देवास ,सीहोर, खंडवा से सामाजिक लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रेम नारायण माणिक, राम सिंह हीरे, नन्हेंलाल ओसले, राजेश तारले, कैलास हीरे, अखिलेश अटले, सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा अहम जिम्मेदारी निभाई गई।

# नागर घाट ओंकारेश्वर में दीपक जलाकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए किया प्रेरित




हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनूप कुमार सिंह एवं पुनासा एसडीएम शिवम प्रजापति के निर्देशन पर नगर परिषद ओंकारेश्वर द्वारा नागर घाट पर मतदाता जागरूकता एवं हस्ताक्षर अभियान शनिवार शाम को आयोजित किया गया क नर्मदा नदी के किनारे नागर घाट पर आटे के दीपक जलाकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं ने भी इसमें भाग लिया और हस्ताक्षर कर आगामी चुनाव में मतदान करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में नागर घाट पर रहने वाले मतदाताओं के साथ बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं ने भी दीपक जलाकर और हस्ताक्षर कर मतदान का संकल्प लिया। नगर परिषद सीएमओ संजय गीते ने जानकारी देते हुए बताया कि मतदान के महापर्व पर लोगों को जागरूक करने के लिए हमने आटे के दीप जलाए और उसके माध्यम से लोगों को मतदान करने का संदेश दिया एवं मां नर्मदा में भी दीप प्रवाहित किए और लोगों को जागरूक किया कि मतदान करें और देश हित में अपना योगदान जरूर दें। इसके अलावा मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा रोशनी में समूह की दीदियों को मतदान करने एवं मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु शपथ दिलाई गई।

# मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा




राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खंडवा के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ममता जैन के मार्गदर्शन व प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय खंडवा कपिल मेहता की अध्यक्षता व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खंडवा के सचिव व जिला न्यायाधीश यशवंत मालवीय के समन्वय एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी कु. अनुपमा मुजाल्दे के सहयोग से एडीआर सेंटर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खंडवा में मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय खंडवा कपिल मेहता व जिला न्यायाधीश यशवंत मालवीय द्वारा मध्यस्थता योजना के लाभ प्रक्रिया आदि के संबंध में लोगों को जानकारी दी गई, जिसमें अधिवक्तागण पैरालीगल वालंटियर, पक्षकार आदि उपस्थित थे।

### भक्ति गीतों पर थिरके समाजजन

# महावीर जयंती पर नगर में सकल जैन समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुरहानपुर

महावीर जयंती के अवसर पर रविवार सुबह 9 बजे से सकल जैन समाज द्वारा नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा श्वेतांबर जैन मंदिर से निकलकर दिगंबर जैन मंदिर पहुंची। यहां काफी संख्या में महिला, पुरूष समाजजन, बच्चे, बुजुर्ग शामिल हुए। समाज के महेंद्र जैन ने बताया सकल जैन समाज की ओर से शोभायात्रा निकाली गई। श्वेतांबर जैन मंदिर से निकलकर शोभायात्रा दिगंबर जैन मंदिर पहुंची यहां से पांडुमल चौराहा, कमल टाकिज, साड़ी बाजार, फव्वारा चौक, बाई साहब की हवेली से होते हुए समाजजन शांतिलाल वाड़ी में पहुंचे जहां जुलूस का समापन हुआ। यहां प्रवचन और आशीर्वचन हुआ। इसके बाद प्रसादी वितरण किया गया। समाजजन भक्ति गीतों पर थिरकते हुए नजर आए। अधिकांश महिलाएं ऑरेंज कलर की साड़ी पहनकर शोभायात्रा में नजर आईं तो कईं पुरूष सफेद वस्त्र में दिखे। इस दौरान समाजजन ने भक्ति गीतों पर जमकर उत्साह जताया। महिलाओं ने भी गीतों पर प्रस्तुति दी वहीं पुरूष भी जमकर थिरके। काफी संख्या में समाजजन इस शोभायात्रा में शामिल हुए थे।

▸ प्रवचन के साथ आशीर्वचन हुआ, कार्यक्रम के बाद प्रसादी का किया गया वितरण

### समाज 35 साल से करता आ रहा आयोजन

# सकलपंच मालवीय प्रजापति समाज के 29 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुरहानपुर


स्थानीय कृषि उपज मंडी में रविवार को सकलपंच मालवीय प्रजापति समाज के 29 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। समाज करीब 35 साल से सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन करता चला आ रहा है। इस दौरान अतिथि के बतौर सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, महापौर माधुरी अतुल पटेल, पूर्व विधायक ठाकुर सुरेंद्र सिंह शेरा भैया, शहर कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू टाक, भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज लधवे, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद टंडन, आशीष शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे। समाज के आदित्य प्रजापति ने बताया सकलपंच मालवीय प्रजापति समाज 35 साल से सामूहिक विवाह आयोजन कर रहा है। इस साल 29 जोड़ों का सामूहिक विवाह समारोह में विवाह संपन्न कराया गया। इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि समाज फिजूलखर्ची को बचना चाहता है। प्रजापति समाज काफी मेहनतकश समाज है और सुबह 4 बजे उठकर मेहनत करता है। इस तरह के आयोजनों से समाज संगठित होता है।

### नवयुवक मिलकर करते हैं आयोजन

आदित्य प्रजापति ने कहा खास बात यह है कि इस आयोजन को समाज के युवा संगठित होकर समाज के वरिष्ठों के मार्गदर्शन में करते हैं। समाज के वरिष्ठ जो मार्गदर्शन देते हैं उसी हिसाब से सारी तैयारियां की जाती है। विवाह समारोह में अलग अलग शहरों से भी समाजजन पहुंचे। विवाह समारोह में प्रजापति युवा संगठन अध्यक्ष प्रमोद शिवलाल, अशोक रामचंद्र प्रजापति, विशाल सोपान प्रजापति, विकास किशोर प्रजापति, लीलाधर डिगंबर प्रजापति, चंद्रकांत साहेबराव प्रजापति, प्रेमलाल राजाराम प्रजापति सहित अन्य समाजजन का सहयोग रहा।

### एमपी पीएससी परीक्षा में मिली है सफलता

# मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मनीषा धारवे का भोपाल में किया सम्मान



**झिरन्या।** मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रविवार को मनीषा गंगूसिंह धारवे का सीएम हाउस भोपाल में सम्मान कर बधाई दी है। उन्होंने अभी हाल ही में एमपी पीएससी परीक्षा में 257 वीं रैंक हासिल की है। उल्लेखनीय है कि वे एक छोटे से ग्राम बोंदरानिया की स्कूल से शिक्षा प्राप्त की और फिर उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। इसके बाद उन्होंने उक्त सफलता प्राप्त की है। इस सफलता से क्षेत्र के ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। इसी तारतम्य में 23 अप्रैल को प्रसिद्ध मां भगवती मंदिर से कस्बा झिरन्या की होते हुए उनके गृह ग्राम बोंदरानिया तक स्वागत रैली निकाली जाएगी।